बुधवार
20 सितंबर 2023

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज


69692 शिक्षकों की नियुक्ति को मिली मंजूरी

2



केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने नए संसद भवन में पेश किया नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल, पीएम बोले...

# बिल को कानून बनाने के लिए संकल्पबद्ध हैं: मोदी

- बिल के कानून बनने के बाद महिलाओं को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की 33 फीसदी सीटों पर मिलेगा आरक्षण
- विधेयक में फिलहाल 15 साल के लिए किया गया आरक्षण का प्रावधान

**एजेंसी/नई दिल्ली**

महिला आरक्षण बिल को नई संसद में पेश कर दिया गया है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में इस बिल को पेश किया। महिला आरक्षण बिल का नाम 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल' है। महिला आरक्षण बिल पर सभी दल एक साथ नजर आ रहे हैं। ऐसे में इस बिल के आसानी से दोनों सदनों से पास होने की उम्मीद है। इस बिल के कानून बनने के बाद महिलाओं को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की 33 फीसदी सीटों पर आरक्षण मिलेगा। दरअसल, सोमवार शाम केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई, जिसमें महिला आरक्षण बिल को लेकर चर्चा की गई। केंद्रीय मंत्रिमंडल की तरफ से इस बिल को मंजूरी मिल चुकी है।

हाल ही में आयोजित हुई सर्वदलीय बैठक में भी सभी दलों ने महिला आरक्षण बिल को लेकर सहमति जताई थी। कांग्रेस ने कहा था कि पार्टी की तरफ से लंबे समय से मांग की जा रही थी कि महिला आरक्षण लागू किया जाए। हम केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले का स्वागत करते हैं। अब इस पर बुधवार को बहस होगी। मेघवाल ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि यह विधेयक महिला सशक्तीकरण से संबंधित विधेयक है। इसके कानून बन जाने के बाद 543 सदस्यों वाली लोकसभा में महिला सदस्यों की मौजूदा संख्या (82) बढ़कर 181 हो जाएगी। इसके पारित होने के बाद विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि विधेयक में फिलहाल 15 साल के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है और संसद को इसे बढ़ाने का अधिकार होगा। मेघवाल ने 2010 में महिला आरक्षण विधेयक राज्यसभा में पारित होने के बाद उसे लोकसभा से पारित न कराने को लेकर तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार की मंशा पर संदेह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में पारित होने के बावजूद महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में पारित नहीं कराया जा सका, यह तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार की नाकामी को दर्शाता है।



## नीति-निर्माण में महिलाओं की भूमिका जरूरी: पीएम

राज्यसभा सदस्यों से 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' विधेयक को सदन में आने पर सर्वसम्मति से पारित करने का आग्रह करते हुए, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि यह जरूरी है कि नीति-निर्माण में महिलाओं की भूमिका होनी चाहिए, यह सुनिश्चित करना कि केंद्र महिलाओं की भूमिका निभाएं। इस विधेयक को कानून बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नई संसद में अपने पहले ही भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ा ऐलान कर दिया। उन्होंने पहले कहा कि नए सदन के प्रथम सत्र के प्रथम भाषण में मैं बड़े विश्वास और गर्व से कह रहा हूं कि आज का यह दिवस इतिहास में नाम दर्ज करने वाला है।

## ...शायद कई पवित्र काम के लिए ईश्वर ने मुझे चुना है

पीएम मोदी ने कहा कि हम सबके लिए यह पल गर्व का पल है। अनेक वर्षों से महिला आरक्षण के संबंध में बहुत चर्चाएं हुई हैं। बहुत वाद-विवाद हुए हैं। महिला आरक्षण को लेकर संसद में पहले भी प्रयास हुए हैं। 1996 में पहली बार बिल पेश हुआ था। अटल जी के कार्यकाल में कई बार महिला आरक्षण बिल पेश किया गया लेकिन उसे पास कराने के लिए आंकड़े नहीं जुटा पाए, इस कारण वो सपना अधूरा रह गया। पीएम ने आगे कहा, 'वो काम... शायद ईश्वर ने ऐसे कई पवित्र काम के लिए मुझे चुना है। एक बार फिर हमारी सरकार ने कदम बढ़ाया है। मोदी ने कहा कि 19 सितंबर की ये तारीख इसीलिए इतिहास में अमरत्व को प्राप्त करने जा रही है। आज जब महिलाएं हर सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। नेतृत्व कर रही हैं तो बहुत आवश्यक है कि नीति निर्धारण में हमारी माताएं-बहनें, हमारी नारी शक्ति अधिकतम योगदान दें। योगदान ही नहीं, वे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। आज इस ऐतिहासिक मौके पर नए संसद भवन में सदन की पहली कार्यवाही के अवसर पर देश ने नए बदलाव का आह्वान किया है और देश की नारी शक्ति के लिए सभी सांसद मिलकर नए प्रवेश द्वार खोल दें। पीएम मोदी ने आगे कहा कि मैं माताओं-बहनों को आश्वस्त करता हूं कि हम इस बिल को कानून बनाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। मैं सदन में सभी साथियों से आग्रहपूर्वक निवेदन करता हूं कि सर्वसम्मति से जब यह बिल कानून बनेगा तो इसकी ताकत अनेक गुना बढ़ जाएगी। इसलिए मैं इसे सर्वसम्मति से पारित करने की प्रार्थना करता हूं।

## बिल के मसौदे में दो-तीन शर्तों को लेकर उठे सवाल

विपक्ष नारी शक्ति वंदन विधेयक के मसौदे में दो-तीन शर्तों को लेकर मोदी सरकार की मंशा पर सवाल उठा रहा है। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार महिलाओं को आरक्षण नहीं उन्हें धोखा देने के लिए यह बिल लाई है। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने भी कहा है कि किस तरह विधेयक की शर्तों के मुताबिक 2024 के लोकसभा चुनावों में महिला आरक्षण की प्रावधान लागू नहीं हो पाएगा।

- इस प्रावधान के मुताबिक, महिलाओं के लिए आरक्षण नई जनगणना के बाद परिसीमन होगा, उसके बाद महिला आरक्षण लागू किया जा सकेगा। मतलब महिला आरक्षण के लागू होने की राह में अब भी दो रोड़े हैं- पहला जनगणना और दूसरा परिसीमन।
- इससे संकेत मिलता है कि महिला आरक्षण का प्रावधान 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद ही लागू हो पाएगा।
- इसमें कहा गया है कि आरक्षण शुरू होने के 15 साल बाद प्रावधान प्रभावी होना बंद हो जाएंगे। विपक्ष को इस बात पर ऐतराज है कि आखिर महिला आरक्षण के लिए 15 वर्ष की अवधि ही क्यों सीमित रखी गई है।
- विधेयक में कहा गया है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एससी एसटी आरक्षित सीटों में से एक-तिहाई सीटें भी महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।
- विधेयक के अनुसार, प्रत्येक परिसीमन प्रक्रिया के बाद लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों की अदला-बदली होगी।

# देश के आठ मेट्रो शहरों में लांच हुई जियो एयर फाइबर

**एजेंसी/मुंबई**

देश के 8 मेट्रो शहरों में जियो एयर फाइबर लॉन्च कर दिया है। जियो एयर फाइबर एक इंटीग्रेटिड एंड-टू-एंड सॉल्युशन है जो कि होम एंटरटेनमेंट, स्मार्ट होम सर्विस और हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड जैसी सर्विस देगा। जियो एयर फाइबर को ऑनलाइन और ऑफलाइन बुक किया जा सकता है। 60008-60008 पर मिस्ड कॉल देकर या www.jio.com पर विजिट कर बुकिंग प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। कंपनी ने दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और पुणे में जियो एयर फाइबर की सर्विस लाइव कर दी हैं। एयर फाइबर और एयर फाइबर मैक्स नाम के दो प्लान कंपनी ने बाजार में उतारे हैं।

एयर फाइबर प्लान में ग्राहक को दो तरह की स्पीड के प्लान मिलेंगे, 30 एमबीपीएस और 100 एमबीपीएस। कंपनी ने शुरुआती 30 एमबीपीएस प्लान की कीमत 599 रु रखी है। वहीं 100 एमबीपीएस के प्लान की कीमत 899 रु रखी गई है। दोनों ही प्लान्स में ग्राहक को 550 से अधिक डिजिटल चैनल और 14 एंटरटेनमेंट ऐप मिलेंगे। जिन ग्राहकों को इंटरनेट की स्पीड अधिक चाहिए, वे एयर फाइबर मैक्स प्लान्स में से कोई एक चुन सकते हैं। कंपनी ने 300 एमबीपीएस से लेकर 1000 एमबीपीएस यानी 1 जीबीपीएस तक के तीन प्लान बाजार में उतारे हैं। सभी प्लान्स के साथ 550 से अधिक डिजिटल चैनल, 14 एंटरटेनमेंट ऐप और नेटफ्लिक्स, एमेजॉन और जियो सिनेमा जैसे प्रीमियम ऐप्स भी मिलेंगे।




## जियो एयर फाइबर के लिए 5जी का होना जरूरी

जियो एयर फाइबर की सबसे बड़ी खासियत ये है कि आप इसे कहीं भी ले जाकर यूज कर सकते हैं, क्योंकि ये वायरलेस पोर्टेबल डिवाइस से चलने वाली एयर फाइबर इंटरनेट है। हालांकि जियो एयर फाइबर को यूज करने के लिए आप जहां हैं वहां 5जी कनेक्टिविटी होनी चाहिए, जिससे आप चलते फिरते ब्रॉडबैंड जैसी स्पीड का फायदा उठा सकेंगे। यह काफी हद तक वायरलेस डोंगल की तरह काम करता है, लेकिन इंटरनेट की स्पीड काफी तेज होती है। जियो फाइबर ऑप्टिक वायर टेक्नोलॉजी पर बेस्ड हैं। इसके जरिए इंटरनेट प्रोवाइड करने के लिए कंपनी को घर या ऑफिस में एक राउटर इंस्टॉल करना पड़ता है।

# साइबर सिक्योरिटी के हाइब्रिड मोड से लैस होंगे परिवहनकर्मी

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में साधारण जनमानस के लिए भयमुक्त व अपराधमुक्त समाज की स्थापना के प्रयास में लगी योगी सरकार ने अब साइबर सिक्योरिटी सुदृढ़ीकरण की दिशा में व्यापक प्रयासों की शुरूआत कर दी है। उत्तर प्रदेश की सरकारी संस्थाओं में कॉम्प्रीहेंसिव साइबर सिक्योरिटी ऑडिट के जरिए साइबर सिक्योरिटी के स्तर का निर्धारण और उसे उचित दिशा देने के लिए तमाम सरकारी व निजी संस्थाएं कार्यरत हैं। ऐसे में, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की ओर से भी इस दिशा में एक सकारात्मक पहल की शुरूआत हो रही है। बस टिकटिंग प्रणाली को हैकर्स और साइबर फ्रॉड से बचाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा अपने कर्मचारियों के लिए 2 दिन की हाइब्रिड मोड आधारित साइबर सिक्योरिटी ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। 21 से 22 सितंबर के बीच उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के मुख्यालय में कार्यशाला होगी।

**साइबर सिक्योरिटी की दिशा में अहम कड़ी होगी कार्यशाला:** कार्यशाला कई मायनों में महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष अप्रैल में एक विदेशी साइबर हैकर द्वारा यूपीएसआरटीसी की साइट को निशाना बनाकर कई लोगों की जानकारियां हैक कर ली गई थीं। ऐसे में, ये सारी दिक्कतें आगे से न हों और कैसे वक्त रहते कर्मचारी व अधिकारीगण इस समस्या का निस्तारण कर सकते हैं, इन सभी बातों को कार्यशाला के माध्यम से दशार्या जाएगा। इसमें वह तकनीकें भी प्रमुख हैं जिनके जरिए कर्मचारियों को यह सिखाया जाएगा कि साइबर हैक प्रिवेंशन और डाटा रिट्रीव करने के लिए किन प्रक्रियाओं का इस्तेमाल किया जा सकता है।

सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के विवादित बोल

# हिंदू कोई धर्म नहीं, फारसी में इसका अर्थ चोर-नीच होता है

**एजेंसी/हरदोई**

उप्र में समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने हिंदू धर्म पर विवादित बयान दिया है। उनका कहना है कि हिंदू कोई धर्म नहीं है बल्कि इसका फारसी में अर्थ चोर और नीच होता है। इतना ही नहीं उन्होंने ये भी कहा कि हिंदू राष्ट्र की मांग करने वाले देशद्रोही हैं। दरअसल वो उत्तर प्रदेश के हरदोई में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे। यहां उन्होंने कहा कि हम जिसको हिंदू धर्म मानते हैं वो धर्म है ही नहीं। ये धर्म कैसे हो सकता है। अगर हिंदू धर्म होता तो सभी को बराबरी का दर्जा मिलता। हिंदू राष्ट्र की मांग भी संविधान विरोधी है और ऐसा करने वाले देशद्रोही।

**ब्राह्मणों पर भी की अभद्र टिप्पणी:** सपा नेता यहीं नहीं रुके। उन्होंने ब्राह्मणों पर अभद्र टिप्पणी करते हुए कहा, ब्राह्मण कहता है कि हम ब्रह्मा के मुंह से पैदा हुए हैं। ये तो अपनी मां के पेट से पैदा होने पर भी यकीन नहीं करते। क्या आज तक आपने किसी को किसी के मुंह से पैदा होते हुए देखा है। किसी को हाथ से क्षत्रिय, किसी को वैश्य समाज से या फिर किसी को पैर से पैदा होते हुए देखा है? हर बच्चा पैदा होने की एक प्रकिया होती है, वो चाहे कोई भी देश हो हर जगह बच्चा अपनी मां के पेट से पैदा होता है। लेकिन पाखंडी लोगों ने अपना ही नियम बना रखा है।






मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम को किया संबोधित

# प्रदेश में हमारी सरकार ने बनाया नया मैकेनिज्म: योगी

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पोषण अभियान स्वस्थ और एक समर्थ भारत की नींव है। एक समय उत्तर प्रदेश में शराब माफिया पोषाहार की सप्लाई करता था। हमारी सरकार ने एक नया मैकेनिज्म बनाया कि जिसके माध्यम से महिला स्वयंसेवी समूह आंगनबाड़ी केंद्रों तक आज पोषाहार पहुंचा रही हैं। इसी का नतीजा है नेशनल फैमली हेल्थ सर्वे में उत्तर प्रदेश ने लंबी छलांग लगाई है। आंकड़े देखें तो 2015-2016 के सापेक्ष प्रदेश में 2019-2020 में एनीमिया में 5.1 प्रतिशत, बौनापन में 6.6 प्रतिशत, अल्प वजन में 7.4 प्रतिशत और सूखापन में 0.6 प्रतिशत का सुधार हुआ है।

सीएम योगी लोकभवन में आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुपोषण से लड़ने को व्यापक अभियान प्रारंभ करने के लिए पूरे देश को प्रेरित किया है। इस दिशा में विगत छह वर्षों में उत्तर प्रदेश में काफी कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि एक समय था जब इंसेफेलाइटिस से पूरे प्रदेश में प्रतिवर्ष 1200-1500 मौतें होती थीं। पूर्वी उत्तर प्रदेश इस बीमारी से खासा प्रभावित था। 1977 से लेकर 2017 तक यानी 30 वर्षों में प्रदेश में लगभग 50,000 बच्चे इस बीमारी की चपेट में आकर काल कलवित हो चुके थे।



सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार आने के बाद हमने केंद्र सरकार के साथ 2018 में अंतर्विभागीय समन्वय बनाकर इंसेफेलाइटिस के उन्मूलन का कार्य शुरू किया। आज पूरे प्रदेश से इंसेफेलाइटिस को समाप्त करने में हम सफल हुए हैं। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार आंगनबाड़ी केंद्र, न्याय पंचायत और ब्लॉक स्तर पर स्वस्थ बालक और बालिका प्रतिस्पर्धा का आयोजन करेगी।

## गोदभराई की रस्म के साथ संपन्न हुआ अन्नप्राशन संस्कार

कार्यक्रम में गोदभराई की रस्म भी निभाई गई। इस दौरान सीएम योगी ने प्रतीक स्वरूप कुछ गर्भवती महिलाओं को उपहार स्वरूप दवाएं और पौषटिक खाद्य सामग्री भेंट की। यही नहीं कार्यक्रम में सीएम योगी ने प्रतीक स्वरूप कुछ बच्चों को खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया। कार्यक्रम में सीएम योगी ने 155 करोड़ रुपये की लागत से 1,359 आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण/शिलान्यास किया। साथ ही 50 करोड़ रुपये की लागत से 171 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का शिलान्यास हुआ। इसके अलावा सीएम ने 2.90 लाख आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं को यूनिफॉर्म (साड़ी) हेतु डीबीटी के माध्यम से 29 करोड़ की धनराशि का अंतरण किया।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्री परिषद की बैठक में 45 एजेंडों पर लगी मुहर

# 69692 शिक्षकों की नियुक्ति को मिली मंजूरी

- विकास मित्रों को अब 13700 की जगह मिलेंगे 25000 रुपये
- प्रधानाध्यापक की नियुक्ति में अनुभव की समय सीमा को 10 वर्ष से घटाकर आठ वर्ष किया गया
- बिहार सरकार ने शिक्षा सेवक की सेवा शर्तों का किया विस्तार



**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कुल 45 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। कैबिनेट ने 69,692 शिक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी दी है। बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक (नियुक्ति, स्थानांतरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवाशर्त) नियमावली 2023 के तहत इन शिक्षकों की नियुक्ति बिहार लोकसेवा आयोग के माध्यम से की जायेगी। नयी नियुक्ति में वर्ग 11-12 तक के अध्यापन के लिए शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन विद्यालय अध्यापक के 11,830 पद हैं जबकि वर्ग नौ व 10 तक के अध्यापन के लिए विद्यालय अध्यापक के 18,880 पदों पर नियुक्ति होगी। इसी प्रकार से वर्ग छह-आठ तक के लिए अध्यापन के लिए कुल 31,982 पद होंगे।

कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डा एस सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट द्वारा बिहार राज्य उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रधानाध्यापक (नियुक्ति, स्थानांतरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवाशर्त) नियमावली 2023 को भी स्वीकृति दी गयी है। संशोधन के बाद प्रधानाध्यापक की नियुक्ति में अनुभव की समय सीमा को 10 वर्ष से घटाकर आठ वर्ष कर दिया गया है। साथ ही प्रधानाध्यपक की नियुक्ति कोलेकर परीक्षा के पाठ्यक्रम को शिक्षा विभाग और बीपीएससी मिलकर तैयार करेंगे।

कैबिनेट ने महादलित विकास मिशन में काम करनेवाले विकास मित्रों के मानदेय को पहली सितंबर, 2023 के प्रभाव से 13,700 रु. से बढ़ाकर अब 25 हजार रु. प्रति माह कर दिया है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा देय अनिवार्य कर्मचारी भविष्य निधि खाता का अंशदान की समानुपातिक वृद्धि के साथ ही मानदेय में हर साल पांच प्रतिशत की हर साल पहली जुलाई से लागू हो जायेगी। विकास मित्रों को हर साल पहली जुलाई को मानदेय में स्वतः पांच प्रतिशत की वृद्धि हो जायेगी।

### शिक्षा सेवक का मानदेय बढ़ाकर 22 हजार किया गया

कैबिनेट ने राज्य में काम करनेवाले शिक्षा सेवक और शिक्षा सेवक (तालिमी मरकज) का मानदेय 11 हजार रुपये प्रति माह से बढ़ाकर अब 22 हजार रुपये प्रति माह करने की स्वीकृति दी गयी। साथ ही उनको इपीएफ में समानुपातिक अंशदान की वृद्धि की गयी है। मानदेय में वृद्धि के साथ ही सरकार ने इनकी सेवा शर्तों का भी विस्तार कर दिया है। अब ये लोग बच्चों की उपस्थिति 75 प्रतिशत सुनिश्चित करेंगे, शिक्षक के अनुपस्थित रहने पर कक्षा भी लेंगे, इनकी वीसी के माध्यम से हाजिरी भी होगी। ये नियमित कर्मचारियों की तरह काम करेंगे।

**आंगनबाड़ी केंद्रों को मिलेगा गैस चूल्हा व सिलेंडर:** समाज कल्याण विभाग द्वारा राज्य में 115009 आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन किया जा रहा है. अब इन सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को धुआं रहित ईंधन के लिए एलपीजी वाले दो-दो गैस सिलिंडर और बर्नर वाला सिंगल चूल्हा दिया जायेगा। साथ ही उनको मासिक रूप से गैस रिफिलिंग की सुविधा भी दी जायेगी।

**आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को मिलेगा दूध:** बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में तीन-छह वर्ष तक के बच्चों को नाश्ते के अतिरिक्त इस वित्तीय वर्ष में दो दिन दुग्ध चूर्ण से तैयार दूध उपलब्ध कराया जायेगा। इस योजना पर सलाना कुल 232 करोड़ 20 लाख खर्च होगा।

### स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम योजना को मंजूरी

कैबिनेट ने छह शहरों में जल निकासी के लिए सेंटेज सहित स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम योजना को मंजूरी दी गयी। इसके तहत सीतामढ़ी के लिए 104.56 करोड़, जहानाबाद के लिए 49.20 करोड़, बोधगया के लिए 91.18 करोड़, पूर्णिया के लिए 87.46 करोड़, बेतिया के लिए 63.56 करोड़, शिवहर के लिए 60.16 करोड़ रु की योजना स्वीकृत की गयी है।

**सैप जवानों के मासिक मानदेय में 15 फीसदी की वृद्धि:** बिहार पुलिस में अनुबंध पर कार्यरत सैप जवानों के मासिक मानदेय में 15 फीसदी की वृद्धि की गयी है।

# मोहनिया एसडीपीओ को निलंबित करने की अनुशंसा

- शाहाबाद रेंज के डीआइजी नवीन चंद्र झा ने पुलिस मुख्यालय को लिखा पत्र

**केटी न्यूज/पटना**

शाहाबाद रेंज के डीआइजी नवीन चंद्र झा ने मोहनिया के एसडीपीओ फैज अहमद खान को निलंबित करने, विभागीय कार्रवाई करने की अनुशंसा पुलिस मुख्यालय से की है। उन पर अपने अधीनस्थ कार्यरत महिला सब इंस्पेक्टर को लगातार परेशान करने, उसके मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजकर उसे प्रताड़ित करने के मामले में कार्रवाई करने का आरोप है। एक महिला सब इंस्पेक्टर ने मोहनिया एसडीपीओ फैज अहमद खान पर आरोप लगाया है कि वह उनके मोबाइल पर लगातार अश्लील मैसेज भेजते रहते हैं। साथ ही थानेदार बनाने का प्रलोभन देकर उत्पीड़न की कोशिश करते हैं।

बात नहीं मानने पर लगातार परेशान करते हैं। महिला सब इंस्पेक्टर ने इसकी शिकायत कैमूर एसपी ललित मोहन शर्मा से भी की थी। उक्त शिकायत पर एसपी ललित मोहन शर्मा ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाव के लिए बनायी गयी कमेटी आंतरिक परिवाद समिति से उक्त शिकायत की जांच करायी है। शिकायत की जांच आंतरिक निगरानी समिति की अध्यक्ष महिला थाने की थानेदार पूनम कुमारी, वरीय उप समाहर्ता सविता कुमारी, सब इंस्पेक्टर श्रद्धा सुमन, सब इंस्पेक्टर शुभांगी, सिपाही संध्या कुमारी व एसवीपी कॉलेज की प्रोफेसर सीमा पटेल द्वारा की गयी। उक्त मामले में पकड़े नहीं जाएं, इसके लिए एसडीपीओ फैज अहमद खान उक्त महिला सब इंस्पेक्टर को वाट्सएप कॉल व मैसेज करने के बाद उसे डिलीट कर देते थे। आंतरिक परिवार समिति उक्त मामले में दोषी पाये जाने के बाद कार्रवाई की अनुशंसा करते हुए अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।

# नालंदा में दो बच्चों की तालाब में डूबने से मौत

**केटी न्यूज/पटना**



नालंदा में गौरा-गौरी का विसर्जन करने गई पांच मासूम तालाब में डूब गई। इसमें से तीन को ग्रामीणों ने बचा लिया। वहीं दो बच्ची की डूबने से मौत हो गई। घटना मामला रहूई थाना क्षेत्र अंतर्गत सोसन्दी गांव स्थित हेट खंधा इलाके में मंगलवार सुबह हुई। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। मृतकों में शेखपुरा जिला के फिरंगी बीघा गांव निवासी लंबू बिन्द की पुत्री ज्योति कुमारी (08) एवं सोसन्दी गांव निवासी जय गोविंद जमादार की पुत्री जुली कुमारी (10) है। दोनों बच्चियां आपस में मौसेरी बहन थी।

ग्रामीण महेश यादव ने बताया कि तीज पूजा समाप्त होने के बाद गांव के बच्चे गौरा-गौरी विसर्जन को लेकर नदी किनारे तालाब में गए हुए थे। जहां गहरी खाई में जाने के कारण एक-एक कर सभी बच्चियां पानी में डूबने लगी। तालाब के पास खेत पटवन कर रहे एक किसान की नजर तालाब में डूबते बच्चियों पर पड़ी। इसके बाद उसने शोर मचाना शुरू किया। मौके पर ग्रामीण जुटे और बारी-बारी से सभी बच्चियों को तालाब से बाहर निकाला गया। जबकि गहरे पानी में चले जाने के कारण जूली और ज्योति की मौत हो गई।

हरितालिका तीज के समापन के मौके पर दो बच्चियों के डूबने से पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है। परिवार वालों का चित्कार गांव में गूंज रहा है। मामले में रहूई थाना अध्यक्ष नंदन कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# बेगूसराय में दर्दनाक हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

बेगूसराय में दर्दनाक हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने टक्कर में एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, दो मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना बछवारा थाना क्षेत्र के रसीदपुर के पास की है।

बताया जा रहा है कि ओवरटेक करने के दौरान ट्रैक्टर से टकराने के बाद दो बाइक आमने-सामने टकरा गई। इस हादसे में एक बाइक पर सवार तीन युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसका इलाज समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय में एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। वहीं, मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया है।

मृत युवक की पहचान समस्तीपुर जिले के नगर गामा निवासी सत्यम कुमार एवं अमन कुमार के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि सत्यम कुमार, अमन एवं अपने एक अन्य साथी के साथ अपने बहन के घर बेगूसराय जिले के गोविंदपुर जाने के लिए निकला था। लेकिन रास्ते में ही सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज रफ्तार से जा रही एक ट्रैक्टर को ओवरटेक करने के दौरान दोनों ही बाइक ट्रैक्टर से जा टकराई जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ और तीन युवक की मौत हो गई।

# सीवान में बेखौफ बदमाशों ने की बीजेपी के जिला अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

**केटी न्यूज/पटना**



सीवान में बेखौफ बदमाशों ने सोमवार की रात एक बीजेपी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना में बीजेपी नेता शिवजी तिवारी के साले को भी गोली लगी है। हालांकि गोली छूते हुए निकली है इसलिए स्थिति गंभीर नहीं है। उसका सीवान सदर अस्पताल में इलाज कराया गया। घटना सीवान के नगर थाना क्षेत्र के रामनगर रेलवे ओवरब्रिज की है। सोमवार की रात करीब 10 बजे शिवजी तिवारी अपने साले प्रदीप पांडेय के साथ दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया।

एक गोली उनके साले प्रदीप तिवारी को लगी है। घटना के बाद स्थानीय लोग दौड़कर आए तब तक बदमाश फरार हो गए। बताया जाता है कि अगस्त से अब तक शिवजी तिवारी समेत उनके परिवार में चार लोगों की मौत हो चुकी है जिससे उनका परिवार में गम में पहले से है। शिवजी तिवारी के चचेरे भाई बब्बन तिवारी की एक अगस्त को मृत्यु हो गई थी। तीन सितंबर को उनके भाई रामअयोध्या तिवारी की पत्नी बीना देवी की मौत हो गई थी। इसके बाद आठ सितंबर को चचेरे भाई स्वर्गीय भूलन तिवारी की पत्नी बदामी देवी की मौत हो गई। दोनों भाभी की मौत के बाद 19 सितंबर को श्राद्ध कर्म कार्यक्रम रखा गया था, लेकिन इसके पहले ही रात में बदमाशों ने शिवजी तिवारी की भी गोली मारकर हत्या कर दी।

परिजनों ने बताया कि अपाची बाइक पर सवार बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया है। शिवजी तिवारी वार्ड अध्यक्ष थे। इस पद पर दोबारा चुनाव नहीं हुआ है इसलिए वही इस पद पर बने हुए थे। बीजेपी के जिला अध्यक्ष संजय पांडेय ने बताया कि शिवजी तिवारी पार्टी के एक सक्रिय कार्यकर्ता भी थे। लगातार बीजेपी के कार्यक्रमों में सक्रिय रहा करते थे।




# ग्रिड के पॉवर ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खराबी, पूरे दिन बिजली के लिए मचा हाहाकार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मंगलवार को डुमरांव ग्रिड में लगे एक पॉवर ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आ गई थी। जिस कारण पूरे दिन शहर सहित अनुमंडल भर में बिजली के लिए हाहाकार मच गया था। वही बिजली कंपनी द्वारा रोटेशन पर आपूर्ति दी जा रही थी। बिजली के अभाव में उमसभरी गर्मी में लोग खासे परेशान रहे। वही सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को हुई जिनका रोजगार तथा पेयजल की व्यवस्था बिजली के भरोसे थी। जानकारी के अनुसार



सोमवार की शाम छह बजे से ही ग्रिड के एक पॉवर ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आ गई थी। जिस चलते स्थानीय ग्रिड से होने वाली नियमित बिजली सप्लाई में 20 मेगावाट की कमी हो गई है। बताया जाता है कि तकनीकी खराबी के चलते ग्रिड के दो में से एक ट्रांसफार्मर काम करना बंद कर दिया है। ऐसी स्थिति में सभी पावर सब स्टेशन को बारी-बारी से रोटेशन के आधार पर बिजली सप्लाई की रही है। उमस भरी गर्मी के बीच बिजली की भारी कटौती लोगों के लिए किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं थी। इस कारण लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हुई। बिजली आपूर्ति बाधित होने से आम आवाम तथा व्यवसायियों के साथ ही किसानों को भी परेशान होना पड़ा। इधर तकनीकी खराबी दूर करने के लिए पटना से पीएनसी की टीम रात से ही कवायद कर रही है। बताया जाता है खराब हुए पॉवर ट्रांसफार्मर को खोलकर सभी तकनीकी संसाधनों का जांच किया जा रहा है।

**बिजली आपूर्ति बाधित होने से नया भोजपुर के उपभोक्ताओं ने काटा बवाल :** बिजली कटौती से परेशान नया भोजपुर उपभोक्ताओं ने मंगलवार को डुमरांव स्थित पावर सब स्टेशन पहुंचकर जमकर हंगामा किया। उनका कहना था कि बिजली नहीं होने से दिन का चैन और रात की नींद खत्म हो चुकी है। हालांकि सहायक अभियंता ग्रामीण अर्जुन कुमार ने नाराज लोगों को समझाने का भरपूर कोशिश किया। उनका कहना था कि ग्रिड के ट्रांसफार्मर में आई गड़बड़ी के चलते बिजली की आपूर्ति कम हो रही है।

**क्या कहते है एसडीओ**

"ग्रिड के एक पॉवर ट्रांसफार्मर में सोमवार की शाम से गड़बड़ी आ गई है। जिसे दुरूस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल एक ट्रांसफार्मर से बारी बारी से आपूर्ति दी जा रही है। बिजली कंपनी के तकनीशियन लगातार गड़बड़ी दूर करने का प्रयास कर रहे है।

*- कुमार अभिषेक, सहायक अभियंता, पावर ग्रिड, डुमरांव*

## स्नातक पार्ट थर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण व कदामारमुक्त माहौल में शुरू हुई

**केटी न्यूज/बक्सर**

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के तहत संचालित जिले के कॉलेजों में स्नातक पार्ट थर्ड की परीक्षा मंगलवार को शुरू हो गई। जिले के छह केंद्रो पर स्नातक पार्ट थर्ड प्रतिष्ठा एवं सामान्य विषयों की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त व्यवस्था के बीच मंगलवार को शुरू हो गई। परीक्षा दो पालियों में ली गई। प्रथम पाली की परीक्षा में ग्रुप ए एवं डी तथा दूसरी पाली की परीक्षा ग्रुप बी की ली गई। परीक्षा को कदाचारमुक्त कराने के लिए एक बेंच पर दो लोगों की बैठने की व्यवस्था की गई है। जिससे परीक्षार्थी एक दूसरे से नकल नहीं कर सके। प्रथम पाली की परीक्षा 10 बजे से 1 बजे तक आयोजित हुई। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा 2 बजे से 5 बजे हुई. वहीं परीक्षा हॉल में प्रवेश देने के पूर्व सभी परीक्षार्थियों की केंद्र में प्रवेश देने के पूर्व विधिवत जांच की गई। इसके साथ ही एडमिट कार्ड से परीक्षार्थियों के चेहरे का मिलान किया गया। जिससे कि कोई मुन्ना भाई परीक्षा में प्रवेश न कर सके. स्नातक पार्ट थर्ड प्रतिष्ठा विषय की परीक्षा जिला मुख्यालय के तीन केंद्रों पर आयोजित हुई। जहां दोनों पालियों की परीक्षा में 4 हजार 37 परीक्षार्थी पहले दिन की परीक्षा में शामिल हुए। वहीं कुल 82 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुस्थित रहे। जिसमें एमवी कॉलेज परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में 449 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित एवं 2 अनुपस्थित तथा दूसरी पाली की



परीक्षा में 825 उपस्थित एवं 4 अनुपस्थित रहे। केएनएस महाविद्यालय परीक्षा केद्र पर प्रथम पाली में 660 उपस्थित एवं 54 अनुपस्थित वहीं दूसरी पाली में 876 उपस्थित एवं 10 अनुपस्थित रहे। वहीं एलबीटी कॉलेज परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में 625 उपस्थित एवं 5 अनुपस्थित वहीं दूसरी पाली में 602उपस्थित एवं 7 अनुपस्थित रहे।

वहीं, बताया जाता है कि जिले के स्नातक पार्ट थर्ड के सामान्य परीक्षार्थियों के लिए एक मात्र परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा केंद्र नगर के पांडेयपट्टी स्थित केएनएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को बनाया गया है। दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा केंद्र पर स्वयं केंद्राधीक्षक ने परीक्षा केंद्र से पूर्व एडमिट कार्ड के साथ ही चीट पूर्जों की विधिवत जांच के बाद प्रवेश दिया गया. वहीं एडमिट कार्ड से सभी परीक्षार्थियों की फोटो मिलान के बाद प्रवेश दिया गया। प्रथम पाली में फिलॉस्फी के 6 परीक्षार्थियों में सभी 6 शामिल रहे। ऑडिटिंग विषय के कुल परीक्षार्थियों में 24 उपस्थित एवं 3 अनुपस्थित रहें।

## मालखाने के बाहर मिली दो पेटी शराब, बेचने की आशंका

# ब्रह्मपुर में जब्त शराब के मिसयूज के आरोप में थानेदार समेत 6 निलंबित

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

पुलिस महकमा के लिए एक शर्मनाक वाकया सामने आया है। थाने में जब्त शराब के मिसयूज के आरोप में ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष समेत पूरी टीम को एसपी ने निलंबित कर दिया है। वही एक दारोगा तथा एक पीटीसी जवान को उत्पाद अधिनियम के तहत गिरफ्तार भी किया गया है। इस मामले के प्रकाश में आने के बाद एक तरफ जहां पुलिस महकमें की भद्द पिट रही है वही दूसरी तरफ लोग यह कहते सुने जा रहे है कि जब पुलिसकर्मी ही शराब बेचने लगे तो शराबबंदी कानून का हश्र क्या होगा। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात एसपी मनीष कुमार को सूचना मिली थी कि ब्रह्मपुर थाने में जब्त शराब को दूसरे उपयोग के लिए मालखाने से निकाल दूसरे जगह पर रखा गया है। सूचना देने वाले ने एसपी को इसका वीडियो भी भेजा। तब एसपी ने डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के साथ मिल रात में ही ब्रह्मपुर थाने में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उक्त सूचना की पुष्टि हो गई। मालखाने के अतिरिक्त थाना के एक कमरे में दो पेटी शराब रखा था। इस





- पिछले दिनों शराब से भरी कंटेनर हुई थी जब्त
- सभी पर उत्पाद अधिनियम के तहत दर्ज कराया गया है एफआईआर

संबंध में पूछने पर पुलिसकर्मियों ने कोई स्पष्ट जबाव नहीं दिया। इसके बाद एसपी ने थानाध्यक्ष समेत छह पुलिसकर्मियों को निलंबित करने के साथ ही उनपर उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज करवाया। वही पुलिस अवर निरीक्षक कुंवर कन्हैया प्रसाद तथा पीटीसी जवान विकास कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावे ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी, चौकीदार शशिकांत यादव व रविशंकर यादव पर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ है। जबकि ब्रह्मपुर थाने की कमान सुबास चंद्र प्रसाद को सौंपी गई है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया है। एसपी मनीष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि ब्रह्मपुर पुलिस द्वारा उत्पाद अधिनियम का उल्लंघन किया गया है, जिस कारण यह कार्रवाई की गई है। हालांकि एसपी ने यह स्पष्ट नहीं किया कि मालखाने से बाहर निकालकर शराब किस उदेश्य से रखा गया था। क्या पुलिसकर्मी उक्त शराब को तस्करों के हाथों बेचने के फिराक में थे या फिर इसका सेवन खुद पुलिसवाले कर रहे थे। इन सवालों का जबाव अभी नहीं मिला पाया है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले वैशाली जिले में पुलिसकर्मियों द्वारा थाने में जब्त शराब बेचे जाने का मामला प्रकाश में आया था। ब्रह्मपुर पुलिस की करतूत ने वैशाली की घटना की यादें ताजा कर दी है।

**थानाध्यक्ष ने एसडीपीओ पर लगाया फंसाने का आरोप**

वही ब्रह्मपुर के निलंबित थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी ने खुद को निर्दोष बताते हुए डुमरांव एसडीपीओ पर फंसाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में एक आडियो भी वायरल हुआ है। जिसमें वे एसडीपीओ पर जून जुलाई महीने से उनके पीछे अकारण पड़ने की बात कह रहे है।

**क्या कहते है एसपी**

"ब्रह्मपुर थाने की टीम ने उत्पाद अधिनियम का उल्लंघन किया है। जिस कारण छह पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। एक एएसआई तथा एक जवान को गिरफ्तार किया गया है। कानून सबके के लिए बराबर है। कानून का उल्लंघन करने वाला चाहे कोई हो उसे बक्शा नहीं जाएगा।

*- मनीष कुमार, एसपी, बक्सर*

# इस नवरात्री केसठ में फ्रांस के एफिल टॉवर के तर्ज पर बनेगा पंडाल, शुरू हुई तैयारी

**केटी न्यूज/केसठ**

दुर्गा पूजा की तैयारी शहर से लेकर प्रखंडों में चल रही है। केसठ स्थित नया बाजार में नव युवक दुर्गा पूजा समिति की ओर से फ्रांस के एफिल टॉवर के तर्ज पर भव्य पूजा का पंडाल बनाया जा रहा है। बता दें कि आगामी 15 अक्टूबर को कलश स्थापना के साथ नवरात्र प्रारंभ होगा। समय पर पूजा पंडाल का निर्माण समेत अन्य तैयारियों को पूरा करने के लिए समिति के सदस्य दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। पिछले साल से इस साल पूजा को लेकर समिति के सदस्य काफी उत्साहित हैं।

**साढ़े तीन लाख रुपये खर्च होने का है अनुमान :** समिति के अध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि करीब 70 फीट ऊंचा और चौड़ा पैंतीस वर्ग फीट में भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। पंडाल के निर्माण में करीब एक लाख 50 हजार रुपये खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने



बताया कि पंडाल का निर्माण में करीब 200 बांस, थर्मोकोल का सीट, कपड़ा आदि का इस्तेमाल किया जा रहा है। मूर्ति का निर्माण और पंडाल का निर्माण क्षेत्र के मूर्तिकार व कारीगर कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूजा में तीन लाख 50 हजार रुपये खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि सप्तमी से लेकर दशमी तक अलग-अलग प्रसाद का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया जाएगा। बताया कि भव्य पंडाल व सजावट आस-पास के क्षेत्र के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।

**पूजा समिति के सक्रिय सदस्य :** पूजा को सफल बनाने में समिति के संरक्षक मुकेश यादव, वस्थापक रवि सिंह सचिव अशोक सिंह उप सचिव रवि पांडे, उपाध्यक्ष नकुल कुमार, किस्मत कुमार, अजय यादव कोषाध्यक्ष कन्हैया कुमार, सदस्य काशी तुरहा, राजेश कुमार, राहुल गुप्ता, मनीष कुमार, राहुल केसरी, पप्पु केसरी, वसिष्ठ साह, भेटेश्व पाल, ज्योति कुमार, गुलशन कुमार समेत अन्य सदस्यों का सराहनीय सहयोग मिलता है। अध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीणों व व्यवसायियों का सहयोग हमेशा से मिलता रहा है। लोग अपने स्वेच्छा से चंदा देते हैं।और पूजा में भी सहयोग करते है।वही अध्यक्ष ने बताया की इस बार मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दर्जनों मेला प्रभारी सदस्यो की नियुक्ति की गई है।इस बार महिला हेल्प डेस्क के आलावे शौचालय की व्यवस्था की जा रही है।

**आधुनिक यंत्रों से सजेगा मेला :** अध्यक्ष ने बताया की इस बार आधुनिक लाइटें और उपकरणों से मेले की सजावट होगी। मेले में झूला, मिकी माउस, हॉर्स कार्ट जैसे उपकरण की व्यवस्था की जा रही है।

**सीसीटीवी से निगरानी और पार्किंग की रहेगी व्यवस्था :** समिति के संरक्षक मुकेश यादव ने बताया की समिति के पंडाल और मां दुर्गा की प्रतिमा देखने के लिये आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग के लिये व्यवस्था रहेगी। भीड़ के दौरान शरारती तत्वों पर निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरे की मदद ली जायेगी। बक्सर डीएम और एसपी के संयुक्त आदेश के आधार पर तैनात मजिस्ट्रेट और पुलिस बल के सहयोग के लिए कमिटी के स्वयंसेवक सक्रिय रहेंगे। स्वयंसेवकों की मोबाइल संख्या प्रशासन के पास उपलब्ध रहेगी।

## सख्ती : सोन नहर किनारे से आज अतिक्रमण हटाने की मिली चेतावनी

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर अनुमंडल प्रशासन द्वारा एक प्रेस बयान जारी कर सोन नहर के किनारे अतिक्रमण करने वालों को 20 सितंबर तक अतिक्रमण हटाने का मोहलत दिया गया है। इसके पहले अवैध कब्जा करने वालों को नोटिस भी थमाया गया है। अतिक्रमणकारियों को नोटिस किया गया है और 20 सितंबर तक समय दिया गया है। समय सीमा के अंदर अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर बल पूर्वक उन्हे हटाया जाएगा।

जिसको लेकर अतिक्रमणकारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि पूर्व में उक्त भूमि का 2 पैसा वर्ग फिट और कुछ को 6 पैसे वर्ग फिट के हिसाब से बंदोबस्ती की गई हैं। वही अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि सोन नहर के एस्केप चैनल के किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर दुकाने बनाने का मामला संज्ञान में आया था जिसकी जांच कर रिपोर्ट जिला पदाधिकारी



को सौंपी गई थी। नहर के किनारे की जमीन बंदोबस्त करने में की गई प्रक्रियात्मक गलतियों का निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपी जा चुकी है। इस बीच बिना बंदोबस्ती के किये गए अतिक्रमण का मामला प्रकाश में आया था। जिसके बाद सभी अतिक्रमणकारियों को प्रसाशन के द्वारा नोटिस निर्गत किया गया था एवं उनके आग्रह पर 5 दिनों की मोहलत दी गई थी। जिसके बाद कई दुकानदारों ने अतिक्रमण खुद हटाने की कार्रवाई शुरू कर दिया है। 20 तारीख को 5 दिन की मोहलत समाप्त हो जाएगी। उसके बाद बलपूर्वक अतिक्रमण हटा दिया जाएगा।

## शहादस दिवस पर याद किए गए गोंडवाना के राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह, आयोजित हुआ समारोह

# उनकी वीरता भरी शहादत को पाठ्य पुस्तकों में शामिल करने की मांग

**केटी न्यूज/बक्सर**

गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन बिहार प्रदेश इकाई के नेतृत्व में जीएसयू द्वारा ग्राम धर्मपुरा के कपूरपट्टी गांव में गोंडवाना के महाराजा शंकर शाह और उनके पुत्र रघुनाथ शाह का शहादत दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जानकारी देते हुए यूनियन द्वारा बताया गया कि सन 1857 में जबलपुर में तैनात अंग्रेजों की 52वीं रेजिमेंट का कमाण्डर क्लार्क बहुत ही क्रूर माना जाता था। वह छोटे राजाओं, जमीदारों एवं जनता को बहुत परेशान करता था। यह देखकर गोंडवाना के राजा शंकर शाह ने उसके अत्याचारों का विरोध करने का निर्णय लिया।



राजा एवं राजकुमार दोनों ने कविताओं द्वारा विद्रोह की आग पूरे राज्य में सुलगा दी। इसी बीच राजा ने आपने एक भ्रष्ट कर्मचारी (गिरधारीलाल) दास को निष्कासित कर दिया था। वह अंग्रेजों अर्थात क्लार्क को कविताओं का अर्थ अंग्रेजी में समझाता था। क्लार्क समझ गया कि राजा किसी विशाल योजना पर काम रहा है। उसने हर तरफ गुप्तचर तैनात कर दिए। कुछ गुप्तचर साधु वेश में महल में जाकर सारे भेद ले लिए। उन्होंने क्लर्क को बता दिया कि दो दिन बाद छावनी पर हमला होने वाला है। खबर पाते ही अंग्रेजों ने 14 सितंबर 1857 को राजा शंकर शाह और उनके पुत्र रघुनाथ शाह को गिरफ्तार कर लिया, और उसके ठीक 4 चौथे दिन अर्थात 18 सितंबर को तोप से उड़ा दिया गया। गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन यह मानता है, कि ऐसे इतिहास को स्कूल और कॉलेजो के पन्नों में जरूर स्थान मिलना चाहिए। कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि सुदर्शन गोंड, चंद्रमा गोंड और श्यामबिहारी गोंड चौकिया समेत अन्य लोग भी उपस्थित रहे, जिसमें गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण गोंड, संरक्षक अनंत गोंड, प्रदेश सचिव धनु गोंड, प्रदेश कोषाध्यक्ष नीतीश गोंड, प्रदेश प्रवक्ता ब्रजेश गोंड, जिला सचिव मुन्ना गोंड, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गोंड, इटाढ़ी प्रखंड अध्यक्ष, विश्वामित्र गोंड, नागेंद्र गोंड, महातम गोंड, अक्षय गोंड, विष्णु गोंड, संतोष गोंड एवं हमारे गोंड समाज के पूजनीय भुमक सुदेश मंडावी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## एक नजर

### डीईओ कार्यालय परिसर में शिक्षकों ने प्रोन्नति को लेकर की बैठक, सौंपा मांगपत्र



बक्सर। नगर के बुनियादी विद्यालय स्थित डीईओ कार्यालय परिसर में जिला के स्नातक ग्रेड के शिक्षकों की एक आपात बैठक प्रोन्नति संघर्ष मोर्चा के संयोजक यतीन्द्र कुमार चौबे की अध्यक्षता में मंगलवार को सम्पन्न हुई। बैठक में अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग बिहार के निर्देश एवं निदेशक प्राथमिक शिक्षा बिहार पटना के आदेश के आलोक में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को अपने ही वेतनमान में प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति देना है। उक्त आदेश के आलोक में पटना, भोजपुर, रोहतास, कटिहार, सीतामढ़ी, सिवान, मधुबनी समेत अन्य जिलों में प्रधानाध्यापक पद पर उक्त आदेश के आलोक में प्रोन्नति दे दी गयी है। बैठक में जिले में अभी प्रक्रिया पूरी नहीं होने को लेकर चर्चा की गई। जिसके बाद प्रोन्नति को लेकर डीईओ से मिलकर चर्चा की गई तथा प्रक्रिया को पूरा करने को लेकर मांगपत्र सौपा गया। वहीं इस दौरान खेद प्रकट किया गया कि छोटा जिला बक्सर में अभीं तक कोई सुगबुगाहट नहीं है। इस बात पर श्री चौबे ने बताया कि मध्य विद्यालयों में कुल 460 पद में वर्षों से एक भी प्रधानध्यापक पदस्थापित नहीं हैं। शिक्षकों का एक सामूहिक शिष्टमंडल जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिलकर प्रोन्नति देने हेतु अनुरोध किया। वार्ता में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने आश्वस्त किया कि यथाशीघ्र प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति दिया जायेगा। उक्त अवसर पर संजीव तिवारी, वीरेन्द्र वर्मा, जगनारायण प्रसाद, अखिलेश्वर कुमार चौबे, अरुण कुमार सिंह, अभिनीत सिन्हा, मु. आशिक, अशोक पांडेय, रविन्द्र राउत, लालबहादुर सिंह, मुकेश सिंह, शैलेन्द्र पांडेय, विनोद पाण्डेय, विनोद कुमार, युगल किशोर चौबे, सुशील कुमार श्रीवास्तव, संजीव कुमार, पतिराम सिंह, कृष्ण कुमार मिश्र, सुनील कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।

### दहेज हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी पुलिस ने उसरा गांव से दहेज हत्या का आरोपी पति को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार दहेज हत्या आरोपी राजू साह है। इसकी पुष्टि करते हुए सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि विगत 25 जुलाई को उसरा गांव में एक विवाहिता की फांसी के फंदे पर झूलने से मौत हुई थी। जिसमें मृतिका के पिता ने पति राजू साह, जेठ संतोष साह, सास, ससुर व देवर समेत पांच लोगों पर दहेज के लिए हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए नामजद एफआईआर दर्ज कराया था। जिसमें पुलिस ने घटना के एक सप्ताह बाद मृतिका के जेठ संतोष साह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि पति राजू साह उसी समय से फरार चल रहा था। ओपीध्यक्ष ने बताया कि इस कांड में दो आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### स्कूल से चोरों ने चुराये एमडीएम का खाद्यान्न

**चौसा।** सोमवार की रात चौसा बालिका मध्य विद्यालय में अज्ञात चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़ गोदाम में रखे एमडीएम के खाद्यान्न की चोरी कर ली है। प्रधानाध्यापक तथा शिक्षकों को इसकी जानकारी मंगलवार को स्कूल खोलने के बाद हुई। प्रधानाध्यापक ने इसकी जानकारी मुफ़स्सिल पुलिस को दिया है। जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार चोरों ने गोदाम से दो बोरी दाल व तीन बोरी चावल सहित हजारों रूपए मूल्य के अन्य सामग्री की चोरी की है। ग्रामीणों ने कहा इन दिनों नशेड़ियों द्वारा उत्पात मचा रखा है। इस घटना म वैसे ही लोगों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देना प्रतीत हो रहा है। इस मामले में प्रधानाध्यापक सुरेंद्र प्रसाद ने स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि प्रधानाध्यापक के बयान पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### सभी विद्यालयों में एलपीजी गैस के उपयोग को शत प्रतिशत करने का निर्देश

**बक्सर।** जिले के वैसे विद्यालय जहां अभी एलपीजी गैस के माध्यम से मध्यान भोजन नहीं बनता है वहां मध्यान भोजन एलपीजी बनाने का निर्देश दिया गया है। मध्यान भोजन बनाने के लिए एलपीजी गैस का उपयोग करने को लेकर मध्यान भोजन के निदेशक मिथिलेश मिश्रा ने पत्र जारी कर निर्देश दिया है। निर्गत आदेश में कहा गया है कि भोजन बनाने की जानकारी को लेकर जिलों से लगातार वीसी के माध्यम से समीक्षा की जा रही है। जिसमें पहले की अपेक्षा आंकड़ों में वृद्धि हुई है। अभी भी वर्तमान में विद्यालय शिक्षा समिति से संचालित लगभग 77 प्रतिशत विद्यालयों में ही एलपीजी से भोजन बनाया जा रहा है।जिसे शत प्रतिशत करने को लेकर निदेशक ने निर्देश जारी किया है। वहीं जिन विद्यालयों में स्वयं सेवी संस्था के केंद्रीकृत रसोई घर से मध्यान भोजन का संचालन किया गया है। ऐसे विद्यालयों में गैस सिलेंडर अनुपयोगी पड़ा हुआ है। उन विद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि जिस गैस एजेंसी से विद्यालय के द्वारा सुरक्षा राशि मुक्त गैस सिलेंडर लिया गया था उसे गैस एजेंसी को सिलेंडर को वापस करने को निर्देशित किय गया है।



# बढ़ी चिंता : छह बीघा उपजाऊ भूमि कटान की भेंट चढ़ी

**केटी न्यूज/सिकंदरपुर**

सरयू नदी में घट बढ़ का खेल जारी है। पिछले सप्ताह जिस तेजी से नदी जल में बृद्धि हुई थी अब पानी क्रमशः घटता जा रहा है। जिससे दियारों के किसानों ने राहत ली है।वैसे जलस्तर घटते जाने के साथ ही क्षेत्र के दियारा दरौली तथा दियारा हरनाटार में नदी का कटान तेज होता जा रहा है।पिछले तीन दिनों में नदी के जलस्तर में जहां सात फिट से ज्यादा की कमी हुई है वहीं दोनों दियारों में किसानों की 6 बीघा से अधिक उपजाऊ भूमि धान व गन्ना की फसलों,पेड़ व बांस के खोट सहित कट कर नदी में समाहित हो गई।कटान के मद्देनजर किसान नदी के बिल्कुल करीब स्थित अपने खेतों में खड़े बांस के कोठ,बबूल के पेड़ व गन्ने की फसल काटने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के खरीद गांव निवासी जितेन्द्र यादव का दियारा दरौली में स्थित गन्ना की फसल सहित एक बीघा भूमि कटान की भेंट चढ़ गई है।इसी प्रकार पुरूषोत्तम पट्टी गांव निवासी सत्यदेव,व्यास जी यादव,शिवकुमार यादव व छट्ठू यादव की दियारा हरनाटार में स्थित 5 बीघा उपजाऊ



भूमि गन्ना की फसल ,बांस के कोठ तथा आधा दर्जन से ज्यादा बबूल व सेमर के पेड़ सहित कट कर नदी में समाहित हो चुकी है।

कटान की स्थिति के बारे में किसानों ने बताया कि मुख्य नदी भूमि को काटती अपने में मिलाती हुई जिन्दापुर गांव के करीब आती जा रही है। पुरूषोत्तम पट्टी गांव निवासी किसान पारस चौधरी ने आरोप लगाया कि प्रायः हर वर्ष हमारी जमीन कटान की भेंट चढ़ती है।हम किसान बर्बाद होते जा रहे हैं किन्तु न तो कोई प्रशासनिक अधिकारी न ही सांसद, विधायक या कोई अन्य प्रतिनिधि हमारी सुधि लेने नहीं आता कि हम किस स्थिति में हैं।न ही हमें किसी तरह का मुआवजा अथवा सहयोग किसी स्तर से मिलता है जो उचित नहीं है।यही नहीं हम किसान कटान को रोकने के लिए अनेक बार शासन प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों से गुहार कर चुके हैं किन्तु अब तक हमें निराशा ही हाथ लगी है।जबकि स्थिति यह है कि कटान की जो हालत है उसे रोकने का प्रयास नहीं किया गया तो तटवर्ती अनेक गांवों के अस्तित्व को खतरा बढ़ता जा रहा है।

## पानी टंकी खराब होने से ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**बलिया।** सवरूपुर गांव स्थित पानी टंकी एक माह से खराब होने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को पानी टंकी को चालू करने की मांग को लेकर पानी टंकी पर धरना प्रदर्शन कर प्रधान के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया की दो वर्ष पूर्व ही पानी टंकी को चालू कर दिया गया था। एक माह से टंकी खराब होने से गांव में पेयजल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों द्वारा प्रधान को शिकायत करना भी बेमतलब साबित हो रहा है। ग्रामीणों ने ये भी आरोप लगाया की पानी टंकी का आपरेटर प्रधान का भाई ही है जो ठीक से देख रेख नही करता है। जिससे पानी की सप्लाई ठीक से नहीं होती है। ग्रामीणों ने प्रशिक्षित आपरेटर रखने की मांग किया जिससे सुचारू रूप से चल सके। आरो मशीन शो पीस बना कर रह गया। ग्रामीणों ने चेताया अगर पानी टंकी को ठीक नही कराया गया तो तहसील एवम ब्लाक पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में पारसनाथ, हेमंत कुमार, गुलाब चंद, विरेन्द्र राम, बीर बहादुर, रामाअशरे, झुन्नाराम, रामू आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कटरिया गांव स्थित बोरी की गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान



**केटी न्यूज/बलिया**

फेफना थाना क्षेत्र के कटरिया गांव स्थित एक बोरी के गोदाम में सोमवार की रात करीब 10 बजे अज्ञात कारणो से आग लग गई। जिससे लाखों रुपए के बोरी जलकर राख हो गई। इसके अलावा पेड़ पौधे एवं साइकिल भी जलकर राख हो गए। सूचना मिलते ही गोदाम मालिक मौके पर पहुंचा और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंचे फायर बिग्रेड के जवानों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन फिर पुनः एक बार फिर आग मंगलवार की सुबह तक जलती नजर आई। बनरही स्थित उद्योग क्षेत्र में आशीष अग्रहरी की श्रीराम इकबाल अग्रहरि इंटरप्राइजेज नाम से कंपनी है। जिसमें बोरियों को तैयार किया जाता है। आशीष अग्रहरी की कटरिया जाने वाले मार्ग पर बोरी की गोदाम है।जिसमें कतिपय कारणो से सोमवार की रात्रि आग लग गई। जिसमें लाखों रुपए की बोरी जलकर राख हो गई। इसके अलावा पेड़ पौधे व साइकिल भी जल गए। गोदाम का पूरा फील्ड राख में तब्दील हो चुका था। आज की लपटे इतनी ऊंची ऊंची उठ रहे थे कि कोई भी उसे बुझाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था।

## सड़क दुर्घटना में रोडवेज बस में सवार यात्री बाल—बाल बचे

# हादसा: डीसीएम व रोडवेज बस में जोरदार टक्कर, चालक की मौत

**केटी न्यूज/बलिया**

फेफना थाना क्षेत्र के रिलायंस पेट्रोल पंप के पास सोमवार की रात करीब 9 बजे डीसीएम और रोडवेज बस में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें डीसीएम चालक की मौत हो गई। वहीं रोडवेज बस चालक समेत यात्री बाल-बाल बच गए।

आपको बता दें कि एनएच-31 स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास डीसीएम और रोडवेज बस में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतना बेजोड़ था कि दोनों गाड़ियों के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। इस घटना में जहां डीसीएम चालक की मौत हो गई। वहीं रोडवेज चालक समेत सवार यात्री बाल बाल बच गए। टक्कर की आवाज सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने डीसीएम चालक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक डीसीएम चालक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। दोनों वाहनों के क्षतिग्रस्त देखकर वहां मौजूद लोगों के रोंगटे खड़े हो गए थे। पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क के किनारे कराया और मामले की छानबीन में जुट गई।



## बुलेट की टक्कर से बाइक सवार भाई व बहन घायल

**अलावलपुर।** फेफना थाना क्षेत्र के कटरिया मोड़ के समीप मंगलवार की दोपहर एक बजे तेज रफ्तार बुलेट की टक्कर से बाइक सवार भाई व बहन घायल हो गए। घटना के बाद बुलेट सवार बुलेट लेकर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज चल रहा है। बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गड़वार थाना क्षेत्र के त्रिकालपुर गांव निवासी पुष्पेंद्र उपाध्याय अपनी बहन नेहा उपाध्याय के साथ बाइक से बलिया जा रहे थे, अभी कटरिया मोड़ के समीप पहुंचे ही थे कि सामने से तेज गति से आ रही बुलेट ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार भाई बहन बुरी तरह से घायल हो गए। घटना के बाद बुलेट सवार बुलेट लेकर फरार हो गया।

## टोना टोटका की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**बांसडीह।** कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में मंगलवार की दोपहर टोना टोटका की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक पक्ष के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आपको बताते चले कि सुल्तानपुर गांव के हरेराम राजभर की पत्नी ने टोना टोटका का आरोप लगाते हुए अपने पड़ोसी मुनरिका राजभर के घर लोगों के साथ विवाद करना शुरू कर दिया। देखते ही देखते दोनो पड़ोसी आपस में भीड़ गये। पड़ोसी मुनरिका के परिजनों ने हरेराम की पत्नी की पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। वहीं हरेराम की पुत्री कंचन की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने वाले चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत बैठक का आयोजन

**मऊ ।** आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉक्टर दिनेश कुमार चंद्रा ने विभिन्न कार्यक्रमों रूपरेखा के बारे में बताते हुए उपस्थित भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष एवं नगर पंचायत के समस्त सभासदों से अपील किया कि इस कार्यक्रम में आप सभी लोगों का सहयोग चाहिए। इस योजना में सेवा पखवाड़ा आयुष्मान आपके द्वारा आयुष्मान मेल, आयुष्मान सभा एवं आयुष्मान नगर पंचायत योजना के क्रम में नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों मैं उपलब्ध कराए गए पीवीसी कार्ड का वितरण 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर तक पोर्टल के माध्यम से समस्त नगर पंचायत में कराया जाना सुनिश्चित किया गया है। जिसके लिए लोगों को इस प्रक्रिया के बारे में बताया गया जिससे सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को मिल सके । मौके पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी रामकुमार यादव ,बीपीएम सर्वेश सिंह ,भाजपा के वरिष्ठ नेता रामशरण चौहान , अस्पताल के समस्त कर्मचारी चिकित्सा आदि लोग मौजूद रहे।




## मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 35 लाभार्थियों को दिया स्वीकृति पत्र

**मऊ ।** कोपागंज विकासखंड के साभागर में खंडविकास अधिकारी ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास की चाभी एवं स्वीकृति पत्र पैंतीस लाभार्थियों को दिया गया।सभी लाभार्थी आवास पाकर खुश नजर आए और सरकार की योजना का खूब प्रशंसा किया। सरकार ग्रामीण अंचलों में गरीब पात्र लाभार्थियों को चिन्हांकन कराकर उन्हें मुख्यमंत्री आवास देने की योजना चला रही है।जिसमे कोपागंज ब्लॉक के 233 लाभार्थियों का पात्रता की सूची बनाई गई जिनमे 225 लोगो को आवास दे दिया गया है।खंडविकास अधिकारी ने कहा कि योजना के तहत जो भी पात्र लाभार्थी होंगे उन्हें भी योजना का लाभ दिया जाएगा। जिन पैंतीस लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास दिया गया वह खुखुंदवा, जहानियापुर, भेलाबाढ, सेंदुराइच, फिरोजपुर, भदसा मानोपुर, लैरोदोनवार , लाड़नपुर, लैरोबेरुआर ग्रामसभा के लाभार्थी थे।

# पशु जनित बीमारी लंपी से बचाव हेतु टीकाकरण के लिए तीन टीम गठित

**केटी न्यूज/मऊ**

पशुओं में तेजी से फैल रहे लंपी रोग को लेकर के रतनपुरा पशु चिकित्सालय ने राहत एवं बचाव के कार्य करते हुए टीकाकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके निमित्त प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आर पी सिंह की अध्यक्षता में तीन टीमें गठित की गई है, जो गांवों में टीकाकरण का कार्य कर रहे हैं।

पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आर पी सिंह ने बताया कि लंपी एक त्वचा रोग है, जो वायरस से फैलता है ,और गाय-भैंसों में प्रमुखता से असर करता है। यह विषाणु जनित संक्रामक रोग है, इसीलिए बेहद खतरनाक होने के साथ इलाज में भी देरी होती है। पशुओं में यह वायरस बहुत तेजी से फैलता है ,और इसके लिए वह खास माध्यम का सहारा लेता है। लंपी बीमारी आजकल बहुत बड़ा खतरा बनी हुई है। कई



राज्यों के पशु इस बीमारी से परेशान हैं। अगर कोई पशु लंपी वायरस से संक्रमित हो जाए तो उसके शरीर पर परजीवी कीट, किलनी, मच्छर, मक्खियों से और दूषित जल, दूषित भोजन और लार के संपर्क में आने से यह रोग अन्य पशुओं में भी फैल सकता है। डॉ आर पी सिंह ने बताया कि इस रोग से प्रभावित पशुओं में मृत्यु दर बहुत कम होती है ,और सामान्य तौर पर 2 से तीन हफ्ते में पशु स्वस्थ हो जाता है।लंपी बीमारी जूनॉटिक नहीं है, इसलिए पशुओं का संक्रमण इंसानों में नहीं फैलता। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आरपी सिंह ने बताया कि लंपी वायरस से संक्रमित पशु को हलका बुखार रहता है. मुंह से लार अधिक निकलती है और आंख-नाक से पानी बहता है।पशुओं के लिंफ नोड्स और पैरों में सूजन रहती है। संक्रमित पशु के दूध उत्पादन में गिरावट आ जाती है।गर्भित पशु में गर्भपात का खतरा रहता है, और कभी-कभी पशु की मौत भी हो जाती है।

# राष्ट्रीय पोषण माह में मुख्य थीम के आधार पर प्रत्येक कार्यक्रम होंगे संपन्न

**केटी न्यूज/मऊ**

मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पोषण अभियान के अंतर्गत जिला पोषण समिति एवं जिला कन्वर्जन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष सितंबर माह में पोषण अभियान मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर 2023 की मुख्य थीम सात बिंदुओं में निर्धारित की गई है। जिसमें प्रभावी स्तनपान व संपूरक आहार। स्वास्थ्य बाल स्पर्धा। पोषण भी पढ़ाई भी। मिशन लाइफ के माध्यम से पोषण में सुधार। मेरी माटी मेरा देश। जनजातीय केंद्रीय पोषण अभिमुखीकरण एवं एनीमिया स्तर में



सुधार हेतु प्रशिक्षण, उपचार एवं संवाद है। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एनीमिया स्तर में सुधार हेतु कैंप लगाने एवं मिशन लाइफ के माध्यम से पोषण में सुधार हेतु आंगनबाड़ी केंद्रों पर मॉडल वर्षा जल संचयन संरक्षण का निर्माण एवं कार्यशाला का आयोजन करने के निर्देश दिए। जिसके माध्यम से महिलाओं को जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन तथा जल संचयन विषय पर जागरूक करने के भी निर्देश मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जितने भी कार्यक्रमों का आयोजन करे, उसमें जनप्रतिनिधियों को भी अवश्य आमंत्रित करें। उन्होंने राष्ट्रीय पोषण माह में निर्धारित तिथियो में मुख्य थीम के आधार पर प्रत्येक कार्यक्रमो का आयोजन करने के साथ ही किए जा रहे कार्यक्रमों की फोटोग्राफ एवं वीडियो को निश्चित रूप से ऑनलाइन अपलोड करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर में निर्धारित 07 मुख्य थीम के अनुसार कार्यक्रम को पूर्ण करने के भी निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए।

## सांप डसने से बालक की हालत नाजुक

**बलिया।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के बरवां गांव में मंगलवार की सुबह दस बजे सांप के डसने 10 वर्षीय बालक की हालत नाजुक बनी हुई है। जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि सुखपुरा थाना के बरवां गांव निवासी आलोक गोंड़ का 10 वर्षीय पुत्र राजू गोंड़ घर के बाहर खेल रहा था। इसबीच उसकी उंगली में सांप ने डस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।

आनन–फानन में परिजन उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद परिजनों में रूदन–क्रंदन मच गया है। जिला अस्पताल के इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक की मानें तो बालक का समुचित उपचार कर दिया गया है, हालत नाजुक बनी हुई है। अभी कुछ कहा नहीं जा सकता।



## खबरें फटाफट

### महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**गाजीपुर।** जिले में जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग द्वारा महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला कल्याण अधिकारी नेहा राय ने कहा कि लैंगिक असमानता दूर करने के लिए कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया जाता है। जिला समन्वयक शिखा सिंह गौतम एवं लक्ष्मी मौर्य ने कहा कि बेटा व बेटी में असमानता नहीं करनी चाहिए, बल्कि उन्हें समान भाव से शिक्षा व प्यार देना चाहिए। समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करना जरूरी है। कार्यक्रम में 15 बच्चियों को हिमालय बेबी किट एवं तौलिया वितरित किया गया।उनकी माताओं को बधाई दी गई। कार्यक्रम में आशा कार्यकत्री रेनू श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं। इन महिलाओं को विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं फॉर्म भरने की भी जानकारी दी गई।

### दोना-पत्तल मेकिंग मशीन के लिए साक्षात्कार 21 को

**चंदौली।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गिरजा प्रसाद ने बताया कि खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मोटराईज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन एवं आधुनिक पॉपकार्न मेकिंग मशीन हेतु साक्षात्कार 21 सितंबर को होगा। साक्षात्कार जिला ग्रामोद्योग कार्यालय गंगा रोड स्थित रामजी कटरा में समय 12.30 बजे आयोजित किया गया है। आवेदित अभ्यर्थी जिनके द्वारा आनलाईन आवेदन किया गया है, वे सभी आवेदक अपना मूल दस्तावेज आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र व राशन कार्ड के साथ जिला ग्रामोद्योग कार्यालय गंगा रोड स्थित रामजी कटरा चंदौली में समय 12.30 बजे साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने का कष्ट करें।

### मत्स्य विभाग की योजनाओं के लिए करें आनलाइन आवेदन

**चंदौली।** प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत निजी भूमि तालाब निर्माण अनुसूचित जाति एवं रियरिंग यूनिट अनुसूचित जनजाति एवं बैकयार्ड आरएएस महिला वर्ग मोटर साइकिल विथ आइस बाक्स महिला में कम आवेदन प्राप्त हुए है। इस कारण उक्त परियोजनाओं में आवेदन प्राप्ति हेतु एक बार फिर विभागीय पोर्टल को 15 सितंबर से आवेदन के लिए खोला गया है। इसके अतिरिक्त निषादराज बोट सब्सिडी योजना हेतु 20 सितंबर से चार अक्टूबर तक आवेदन विभागीय पोर्टल पर स्वीकार किए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए सहायक निदेशक मत्स्य रविंद्र प्रसाद ने आह्वान किया कि योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक आवेदक पोर्टल पर आवेदन जनसेवा केन्द्र के माध्यम से करें। साथ ही योजना संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय से संपर्क करें।

### मूर्ति विसर्जन करने गया युवक डूबा, मौत

**चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के नईबस्ती के पास सोमवार को विश्वकर्मा पूजा के बाद रजवाहा में मूर्ति विसर्जन के दौरान युवक डूब गया। देर रात तक शव की तलाश की गई, लेकिन नहीं मिला। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों की अथक प्रयास के बाद शव को बाहर निकाला गया। मुगलसराय रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन विक्रम चालकों द्वारा किया गया था। सोमवार की देर शाम मूर्ति विसर्जन करने के लिए कमेटी के सदस्य नाचते गाते नईबस्ती रजवाहा पर पहुंचे। इसी दौरान कमेटी के दो सदस्य मूर्ति को लेकर रजवाहा में कूद पड़े। इसी दौरान दो युवक डूबने लगे।

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यअस्पताल व पोषण पुर्नवास

**केटी न्यूज/गाजीपुर**




उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अशोक कुमार यादव ने मंगलवार को जनपद भ्रमण के दौरान कई जगहों का निरीक्षण किया। सदस्य ने जिला अस्पताल गोरा बाजार, पोषण पुर्नवास, प्राथमिक विद्यालय मीरनपुर शक्का का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इस दौरान सर्वप्रथम जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर वहां भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य एवं चिकित्सकों की उपस्थिति, दवाओं की उपब्धता की जानकारी ली। साथ ही अस्पताल के पोषण पुर्नवास केंद्र में बच्चों को फल वितरण किया गया।

तत्पश्चात प्राथमिक विद्यालय मीरनपुर सक्का पहुंचकर उन्होंने विद्यालय के बच्चों से शिक्षा की गुणवत्ता की जानकारी हासिल की। आंगनबाड़ी केंद्र मीरनपुर सक्का में नवजात शिशुओं का अन्न प्रासन एवं धात्री महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदायगी की गई। बच्चों में फल वितरण किया गया।

आयोग के सदस्य ने दोपहर में विद्यालय में बनाए गए भोजन को स्वयं चखकर उसकी गुणवत्ता चेक किया। तत्पश्चात कस्तूरबा विद्यालय छावनी लाइन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गणेश चर्तुदशी के अवसर पर गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं आरती कर पूजा अर्चन किया एवं छात्राओं से शिक्षा की गुणवत्ता जानी एवं मध्यान्ह भोजन श्री यादव ने छात्रावास में ही किया। तत्पश्चात उन्होंने निरीक्षण गृह लोनिवि में प्रेस प्रतिनिधियों संग प्रेसवार्ता कर शासन की योजनाओं की जानकारी दी। इसके उपरान्त उन्होंने स्वास्थ्य, समाज कल्याण, महिला कल्याण , श्रम विभाग, आबकारी विभाग एवं अन्य संबन्धित विभागीय अधिकारियों संग बैठक कर शासन के योजनाओं को क्रियान्वयन के लिए निर्देश दिए।

### डेंगू की पुष्टि के लिए सैंपल को वाराणसी लैब में जांच को भेजा जाता है

# जिले में होगी डेंगू के मरीजों की एलाइजा जांच : सीएमओ

- ♦एलाईजा की जांच की 24 घंटे में मिल जाएगी रिपोर्ट
- ♦लैब का उदघाटन डॉ वाई के राय ने की

**केटी न्यूज/चंदौली**




जिले में डेंगू के मरीजों को एलाइजा जांच के लिए अब इंतजार नहीं करना पड़ेगो संयुक्त जिला चिकित्सालय में संचालित बीएसएल लैब- 2 में एलाईजा रीडर जांच के लिए मशीन लगाई गई है' लैब का उदघाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वाई के राय ने की,इस अवसर पर उन्होने कहा कि अब डेंगू के मरीजों को जांच रिपोर्ट 24 घंटे में ही मिल जाएगी अभी तक एलाइजा जांच को सैंपल लेकर पहले बीएचयू और मंडलीय अस्पताल वाराणसी में जांच कराई जाती थीजिसमें रिपोर्ट आने तक मरीज के इलाज शुरू करने में देरी होती थी जिसको देखते हुये जिला मलेरिया विभाग ने जिले में जांच किट की सुविधा प्रदान की है

जिला मलेरिया अधिकारी पीके शुक्ला ने कहा कि जिले में लगातार बुखार के मरीजों में डेंगू का भय बना रहता है कारण कि डेंगू और मौसमी बुखार के लक्षण एक जैसे मिल रहे हैं ऐसे लोगों की अभी तक जिले में एनएस-1 किट से जांच की सुविधा है। एनएस-1 से पॉजिटिव आने पर संबंधित में डेंगू की पुष्टि के लिए सैंपल को बीएचयू एवं वाराणसी के लैब में जांच को भेजा जाता है यहां से रिपोर्ट मिलने में एक सप्ताह से 15 दिन तक का समय लग जाता है। रिपोर्ट में देरी होने पर कुछ मरीज जहां स्वस्थ होने में समय लग जाता है लेकिन अब मरीजों को डेंगू जांच की रिपोर्ट सैंपल देने के 24 घंटे में मिल सकेगी। इससे इलाज भी तत्काल मिल सकेगा।

सहायक मलेरिया अधिकारी राजीव सिंह ने बताया कि डेंगू के मरीजों को एलाईजा की जांच के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा । अब संयुक्त जिला अस्पताल में ही जांच होगी और 24 घंटे में ही रिपोर्ट मिल जाएगी जिले में 77 संदिग्ध की जांच की गयी जिसमें से 12 एलाईजा धनात्मक पाए गए है जिसके मद्देनजर सभी मरीजों के घर तथा आसपास निरोधात्मक कार्य के अंतर्गत सोर्स रिडक्सन कीट नाशक का छिड़काव घर के अंदर फागिंग तथा आईईसी की कार्यवाही करा दी गयी है मरीजों में डेंगू की पुष्टि होने पर उनका उपचार जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड बनाए गया है उदघाटन कार्यक्रम में बीएसएल लैब के नोडल अधिकारी डॉ आरबी शरण,वीबीडी के नोडल डॉ हेंमत कुमार,डॉ केसी सिंह, डीएमओ पीके शुक्ला, एएमओ राजीव सिंह, रामज्ञान यादव,दीप्ति शर्मा, सौम्या पांडे,मोहसिन खान, अराधना पाठक, अखिलेश आदि उपस्थित रहें

### तस्करी के आरोप में एक महिला सहित तीन व्यक्ति गिरफ्तार

**पीडीडीयू नगर(चंदौली) ।** राजकीय रेलवे पुलिस, आरपीएफ और सीआईबी की संयुक्त टीम ने अलग अलग समय पर स्थानीय रेलवे स्टेशन से तस्करी कर ले जाए जा रहे गांजा की खेप के साथ शराब बरामद किया है। तस्करी के मामले में एक महिला सहित तीन व्यक्ति गिरफ्तार हुए हैं। जीआरपी ने तस्करों का चालान कर आगे की कार्रवाई शुरू की है। जीआरपी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह और आरपीएफ निरीक्षक पीके रावत ने बताया कि अपराधियों की धड़ पकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार की भोर में प्लेटफार्म संख्या सात और आठ के पश्चिमी छोर पर स्टेशन नाम पट्टिका के समीप एक युवक को 10. 168 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक राहुल तिवारी निवासी हमारे टोला जिला भोजपुर ने बताया कि झारखंड और बिहार के अलग अलग इलाकों से गांजा खरीद कर ट्रेनों के माध्यम से दिल्ली और पंजाब ले जाता हूं और ऊंचे दाम पर बेचता हूं। वहीं रविवार की शाम साढ़े चार बजे प्लेटफार्म संख्या एक और दो के सीढ़ियों के पास से एक व्यक्ति को अंग्रेजी और देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अमरीक निवासी सुरगापुर जिला पटना बिहार के पास से 12 बोतल अंग्रेजी और 48 बोतल देशी शराब की बोतल बरामद हुई।

## विद्युत बकायेदारों से तीन लाख 21 हजार की वसूली

**केटी न्यूज/चंदौली**



उपखंड अधिकारी विवेक मोहन श्रीवास्तव के नेतृत्व में मंगलवार को बड़े बिजली बकायदारों के खिलाफ नगर में चेकिंग अभियान चलाया गया। इससे बिजली उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। इस दौरान अधिकारियों ने बाईपास चला रहे रहे दो उपभोक्ताओं पर मुकदमा दर्ज कराया वही बिजली बकायेदारों से तीन लाख 21 हजार वसूल किया।

उपखंड अधिकारी विवेक मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि नगर में औचक निरीक्षण किया गया। जिसमे दो घरों में कटिया मारकर बिजली चोरी से चला रहे थे। जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। वही तीन लोगों के यहां मीटर लगवाया गया। यह अभियान लगातार चलता रहेगा। लोगों से अपील किया कि बिजली चोरी ना करें और मीटर को घर के बाहर लगवाएं। बिजली चोरी करते पकड़े जाने पर उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अवर अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि ओवरलोड हो जाने से बिजली की समस्या पैदा हो रही है। और ट्रांसफार्मर भी जल जा रहा है। दौरान कोई कटिया मारते हुए पकड़ा जाता है। तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान मनोज कुमार,रामा, सोमारू,रामाश्रय तिवारी आदि मौजूद रहे।

### गंगा में डूबे दवा व्यवसायी का तीसरे दिन भी नहीं चला पता

**चहनियां(चंदौली)।** बलुआ थाना क्षेत्र के लक्ष्मणगढ़ निवासी दवा व्यवसायी 34 वर्षीय आलोक रंजन सिंह का गंगा में डूबने के बाद तीसरे दिन बाद भी पता नही चल पाया । परिजन व ग्रामीण दो नावों से चोचकपुर घाट से गाजीपुर के जमनिया घाट परिजन गोताखोरों को लेकर तलाश रहे हैं। तीसरे दिन एनडीआरएफ की टीम भी पहुंच गयी है। लक्ष्मणगढ़ के रहने वाले सारनाथ सिंह के पुत्र आलोक रंजन सिंह दवा व्यवसायी था । रविवार को वह सैदपुर तीरगांवा पुल से गंगा में छलांग लगा लिया था । ग्रामीणों की सूचना पर पहुँचे मारूफपुर चौकी इंचार्ज अभिषेक शुक्ला पहुचकर युवक के तलाश में गोताखोर को लगा दिया । परिजन देर शाम तक तलाश में लगे रहे । दूसरे दिन सोमवार को भी शव का पता नही लग पाया । परिजन दो नाव से सैदपुर घाट से नगवा, अमादपुर, चोचकपुर सहित गंगा किनारे करीब दर्जनों गांव में घाट किनारे रुककर पूछताछ करते रहे ।

## पशु आश्रय स्थल का बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण



**केटी न्यूज/चहनियां**

(चंदौली)। सर्वानन्दपुर स्थित पशु आश्रय स्थल पर मंगलवार को खण्ड विकास अधिकारी दिब्या ओझा ने निरीक्षण किया । वहां पशु चारा, पशुओं के दवा, साफ सफाई, पानी की सुविधा आदि का निरीक्षण किया । वही आवश्यक दिशा निर्देश भी दी।सर्वानन्दपुर स्थित पशु आश्रय केंद्र स्थल का निरीक्षण करते हुए खण्ड विकास अधिकारी दिव्या ओझा ने सर्वप्रथम पशुओं के चारे पर विशेष ध्यान दिया । उसके बाद पानी टंकी से पानी की ब्यवस्था देखी । स्टोर रूम में रखी एक एक दवाइयों का निरीक्षण किया । विशेष तौर पर साफ सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए सफाई कर्मियों के बारे में पूछताछ कर यहां प्रतिदिन उपस्थित रहने के बारे में पूछा । यहाँ ब्यवस्था सन्तोष जनक देख संतुष्ट हुई । उसके बाद हर पशुओं को अपने हांथ से गुड़ खिलाया । वहां मौजूद कर्मी को साफ सफाई रखने का निर्देश दिया । इस दौरान कहा कि पशु आश्रय स्थल के चारो तरफ पौधरोपण किया जायेगा । इसके जल्द ही विभाग के लोग कार्य शुरू करेंगे । यहां जो भी कमी होगी पूर्ण किया जायेगा ।

### धनबाद मंडल के गोमो और पारसनाथ स्टेशनों के बीच आंदोलन के कारण लिया गया निर्णय

# आसनसोल वाराणसी मेमू एक्सप्रेस सहित आज रद्द रहेंगी 19 ट्रेनें

**केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर**



धनबाद मंडल के गोमो और पारसनाथ स्टेशनों के बीच कुड़मी समाज के रेल रोको आंदोलन को देखते हुए एहतियात के तहत रेलवे ने ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया है। आंदोलन के कारण 20 सितंबर को आसनसोल वाराणसी मेमू एक्सप्रेस सहित 19 ट्रेनें रद्द रहेगी। वहीं 18, 19 और बीस सितंबर को खुलने वाली 22 जोड़ी ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया है। ऐसे में यात्रियों को यात्रा के पहले जानकारी लेनी होगी, अन्यथा दिक्ककत हो सकती है।

पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि मंगलवार को हल्दिया आनंद विहार एक्सप्रेस, शालिमार गोरखपुर एक्सप्रेस सहित 11 ट्रेनें निरस्त की गई। वहीं बीस सितंबर को अप और डाउन आसनसोल वाराणसी मेमू एक्सप्रेस, अप और डाउन सासाराम धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित आठ ट्रेनें नहीं चलेगी। वहीं 18 सितंबर को खुल चुकी जम्मूतवी टाटा एक्सप्रेस जहां गढ़वा रोड, टोरी रांची के रास्ते चलेगी वहीं जम्मूतवी कोलकाता एक्सप्रेस और मुंबई मेल पीडीडीयू पटना, झाझा, आसनसोल के रास्ते चलेगी। 19 सितंबर को खुली अप और डाउन पूरी नई दिल्ली पुरूषोत्तम एक्सप्रेस कटक, संबलपुर, झारसुगुड़ा, राउरकेला, रांची, टोरी, गढ़वा रोड, डेहरी आन सोन के रास्ते चलाई जाएगी। इसी तरह डाउन आनदं विहार हटिया एक्सप्रेस, डाउन नई दिल्ली रांची एक्सप्रेस, डाउन जम्मूतवी संबलपुर एक्सप्रेस, बनारस रांची एक्सप्रेस आदि सोननगर, गढ़वा रोड, टोरी, लोहरदगा, रांची के रास्ते चलेगी। डाउन इस्लामपुर हटिया एक्सप्रेस पटना, गया, कोडरमा, टोरी, रांची के रास्ते चलेगी। डाउन आनंद विहार संतरागाछी एक्सप्रेस, बिकानेर सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस, नई दिल्ली भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस, नई दिल्ली हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस, डाउन जोधपुर हावड़ा एक्सप्रेस, नई दिल्ली सियालदह राजधानी एक्सप्रेस, नई दिल्ली हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस, अजमेर सियालदह एक्सप्रेस, योगनगरी ऋषिकेश हावड़ा एक्सप्रेस पीडीडीयू, गया, किउल, झाझा आसनसोल के रास्ते चलेगी।

वहीं डाउन नई दिल्ली रांची राजधानी एक्सप्रेस पीडीडीयू, गढ़वा रोड, टोरी, रांची के रास्ते चलेगी। इसी तरह बीस सितंबर को खुलने वाली अप हावड़ा नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, सियालदह नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस, कोलकाता आगरा कैंट एक्सप्रेस आसनसोल, झाझा, पटना, पीडीडीयू के रास्ते चलायी जाएगी। अप भुवनेश्वर-नई दिल्ली दुरंतो एक्सप्रेस, पुरी-आनंद विहार नंदन कानन एक्सप्रेस, हटिया आनंद विहार एक्सप्रेस कटक, संबलपुर, झारसुगुड़ा, राउरकेला, रांची, टोरी, गढ़वा रोड, डेहरी ऑन सोन के रास्ते चलायी जाएगी। अप कोलकाता जम्मूतवी एक्सप्रेस आसनसोल झाझा पटना, पीडीडीयू के रास्ते चलेगी। वहीं धनबाद फिरोजपुर गंगा सतलुज एक्सप्रेस प्रधानखंटा, झाझा, पटना, पीडीडीयू के रास्ते चलायी जाएगी। वहीं अप रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस रांची, टोरी, गढ़वा रोड, डेहरी ऑन सोन के रास्ते चलाई जाएगी। भुवनेश्वर नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस कटक,संबलपुर, झारसुगुड़ा, राउरकेला, रांची, टोरी, गढ़वा रोड, डेहरी ऑन सोन के रास्ते चलाई जाएगी। वहीं हावड़ा ग्वालियर चंबल एक्सप्रेस और सियालदह बीकानेर दुरंतो एक्सप्रेस आसनसोल, झाझा, पटना,पीडीडीयू के रास्ते चलाई जाएगी।

## एक नजर

### आरसीसी सड़क पर गंदा पानी दो फुट जमा होने से संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका



**गाजीपुर।** दुल्लहपुर रेलवे स्टेशन परिसर में बना आरसीसी सड़क पर गंदा पानी दो फुट जमा हो जाने से संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका है। लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। यह मार्ग गाजीपुर -आजमगढ़ राजमार्ग पर स्थित दुल्लहपुर रेलवे फाटक से पांडेय का पुरा होते हुए अमारी हमीद मार्ग में मिलती है। रेलवे का टावर बैगन बनने के बाद जलनिकासी पूरी तरह बाधित हुई है। रेल विभाग द्वारा आम जनता के हित में आरसीसी मार्ग तो बना दी गई, लेकिन जल निकासी व्यवस्था नहीं हो पाई है। जिसका वजह रही की नली का पानी पूरी तरह से 300 मीटर तक आरसीसी पर इकट्ठा होती है। जिससे उसे सड़क से शंकर भगवान की मंदिर ,जनता इंटर कॉलेज, संत बुला पीजी कॉलेज, जय सतगुरु देव आश्रम ,कमला पांडे महिला महाविद्यालय, बालिका इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों को काफी समस्या उठानी पड़ती है। मौके पर प्रिंस कुशवाहा, शिवम कुशवाहा, हीरालाल मद्धेशिया, दीपक मद्धेशिया, सनोज चौरसिय, राजेश गुप्ता, बुद्धिराज यादव, पप्पू मौर्य, बदन गोड, सियाराम चौहान, सुगा राजभर, राजेंद्र राजभर, विनोद राजभर, रामदास कुशवाहा, रामविलास यादव, रिंकू गुप्ता, दिनेश राजभर, सफीक, अविनाश, कार्तिक सहित अन्य लोग उपस्थित होकर विरोध जताया।

### किशोरी को दबंगों ने घर में बंद कर पीटा

**गाजीपुर।** भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के एमाबंसी गांव में मंगलवार को दोपहर बाद गांव के दबंगों ने एक 14 वर्षीय किशोरी को कुछ युवक जबरदस्ती ले जाकर एक कमरे में बंद कर दिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना उस समय हुई जब किशोरी एक किराना की दुकान से सामान लेकर घर लौट रही थी। तभी घात लगाए कुछ दबंग युवकों ने जबरिया पकड़कर उसे घर में बंदकर दिया और उसकी पिटाई की। घटना के बाद परिजनों ने छेड़खानी सहित अन्य आरोप लगाया है। मालूम हो कि पीड़िता के पिता व माता दवा के गोरखपुर चले गए थे। किशोरी व उसकी तीन छोटी बहनें घर पर अकेली थीं। आज सुबह पीड़िता ने भुड़कुड़ा थाने में तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।जिसमें पुलिस ने धारा 323, 504, 506, 452, दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। आरोपियों में अभिषेक कुमार लालू, मोनी व एक अन्य शामिल हैं। घायल किशोरी को मेडिकल के लिए सदर अस्पताल गाजीपुर भेजा गया है। भुड़कुड़ा कोतवाल तारावती ने बताया कि किशोरी ने दूसरे पक्ष की एक महिला पर किसी और से फोन पर बात करने का जिक्र किया था। इसी को लेकर मारपीट की घटना हुई है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### पट्टे की जमीन को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के सैया गांव में पट्टे की भूमि को लेकर दो माह में तीसरी बार मारपीट हुई। जिसमें पुलिस ने दोनों पक्षों से दो महिलाओं का शांतिभंग में चालान कर दिया। जबकि पीड़ित 12 वर्षीय रुचि पुत्री सहबल्ली यादव, प्रमिला पत्नी सहबल्ली पर विपक्ष में काफी दिनों से पट्टे की भूमि को लेकर दुश्मनी चल रही है। जिसमें आज विपक्ष के लोग नींव खुदाई करने लगे, तो पीड़ित पक्ष के महिलाओं ने रोका। इसे लेकर कहासुनी हुई, फिर मारपीट होने लगी। जिसमें पुलिस ने प्रथम पक्ष प्रमिला यादव और द्वितीय पक्ष मिला यादव का शांतिभंग में चालान किया। थानाध्यक्ष दुल्लहपुर अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि दोनों लोगों का पट्टा भूमि का निर्धारण नहीं हुआ है।एक पक्ष की महिला नींव खुदाई करने लगी, तभी दूसरे पक्ष ने रोका जिसमें मारपीट हुई। दोनों पक्षों से दो महिलाओं का शांति भंग में चालान किया गया है।

### धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में चार गिरफ्तार

**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सीओ जमानियां की देखरेख में चौकी प्रभारी देवल थाना गहमर अपनी टीम के साथ अभियुक्तगण मु0अ0सं0 199/23 धारा 295अ भादवि व 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 व चेकिंग की गई। संदिग्ध व्यक्तियों को सायर घाट थाना गहमर से अभियुक्तगण राजेन्द्र पुत्र स्व0 जगदीश राम, रिंकू उर्फ रौशन पुत्र राजेन्द्र राम, रवि कुमार पुत्र राजेन्द्र राम, राहुल कुमार पुत्र राजेन्द्र राम नि0गण सोनपा थाना राजपुर जिला बक्सर बिहार के कब्जे से तीन मोबाइल फोन व 04 बाइबिल किताब व एक पोस्टर बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 199/2023 धारा 295अ भादवि व 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है ।

### सीएम आवास का चाबी पाकर गदगद हुए दिव्यांग, डिप्टी सीएम के वर्चुअल से जुड़े लोग

**गाजीपुर।** जखनियां ब्लाक सभागार में खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम के नेतृत्व में दिव्यांग और समस्त गांव के सचिव की मौजूदगी में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के वर्चुअल कार्यक्रम से जुड़कर लोगों ने सीएम आवास पाकर काफी खुश दिखे। खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रिंकू सिंह ने 20 दिव्यांगों को आवास की चाबी और प्रमाण पत्र वितरित किया। साथ ही डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के एक ही बटन से कई दिव्यांगों खाता में पहली किश्त चालीस हजार चली गई। डिप्टी सीएम ने वर्चुअल के माध्यम से बताया कि जब से डबल इंजन की सरकार बनी है, तब से विकास की लहर दौड़ रही है। गरीबों का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राजेश राजभर ने कहा की जखनियां ब्लॉक में 467 लोगों का आवास वितरित किया गया है। जिसमें दिव्यांगों को भी अब मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा पक्के मकान मिल गए।

### गणपति बप्पा मोरया के उद्घोष के बीच मंडप में बैठे लंबोदर



**पीडीडीयू नगर (चन्दौली)।** विघ्नहर्ता,लंबोदर को समर्पित तीन दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को न्यू महाल में सुधीर भास्कर राव पाण्डेय के आवास पर किया गया। प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई और विश्व कल्याण की कामना के तहत भगवान गणेश से आशीर्वाद मांगा गया। कार्यक्रम के तहत आगामी तीन दिनों में बच्चों के बीच गीत संगीत और नृत्य सहित कला की प्रतियोगिताएं भी आयोजित कराई जाएंगी। नित्य प्रति सुबह 9: 30 एवं शाम 6: 30 पर भगवान श्री गणेश जी की आरती होना सुनिश्चित किया गया है।उक्त जानकारी पूजा संयोजक सुधीर भास्कर राव पाण्डेय जी ने दिया।